उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध, सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में
शैक्षणिक सत्र 2026–28 में प्रवेश हेतु निर्देशिका

# प्रवेश परीक्षा प्रारूप

प्रवेश परीक्षा के दोनों प्रश्न पत्र में वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रश्न होंगे। पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी नकारात्मक अंकन (Negative Marking) की प्रक्रिया यथावत् रहेगी। प्रत्येक सही उत्तर हेतु दो अंक प्रदान किये जायेंगे एवं प्रत्येक गलत उत्तर हेतु 1/3 (एक तिहाई) अंक प्राप्तांकों में से काटे जायेंगे।

**प्रवेश परीक्षा में दो प्रश्न–पत्र होंगे।**

**प्रश्न पत्र–प्रथम**

| खण्ड | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक | कुल समय |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | सामान्य ज्ञान (General Knowledge) | 50 | 100 | 200 | 3घण्टे |
| ब | भाषा (हिन्दी/अंग्रेजी में से कोई एक) | 50 | 100 | | |

उपरोक्त खण्ड 'अ' सभी के लिए अनिवार्य है। खण्ड 'ब' भाषा से सम्बन्धित होगा, इस खण्ड में हिन्दी एवं अंग्रेजी के पृथक–पृथक भाग होंगे। इन दोनों भाषाओं में से अभ्यर्थी को किसी एक भाषा के लिए प्रश्न हल करने होंगे।

**प्रश्न पत्र–द्वितीय**

| खण्ड | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक | कुल समय |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | सामान्य अभिरूचि परीक्षण (General Aptitude Test) | 50 | 100 | 200 | 3घण्टे |
| ब | विषय योग्यता (कला/विज्ञान/वाणिज्य/कृषि) | 50 | 100 | | |

**नोटः–** उपरोक्त खण्ड 'अ' सभी के लिए अनिवार्य है। खण्ड 'ब' में 4 विषय वर्ग (कला/विज्ञान/वाणिज्य/कृषि) होंगे। अभ्यर्थी को इस भाग में से केवल अपने विषय वर्ग के ही प्रश्नों को हल करना होगा जो कि अभ्यर्थी ने अपने विकल्प के रूप ऑनलाइन आवेदन–पत्र में भरा है। सम्बन्धित विषय वर्ग के सभी प्रश्न स्नातक स्तर के होंगे।